# कार्यालय नगर निगम रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)

Tel--05944-242400 e-mail:- nagarnigamrudrapur@gmail.com visit-www.nagarnigamrudrapur.com

## "अल्पकालीन ई–निविदा सूचना"

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, रूद्रपुर में Proposal for the Establishment of a State-of-the-Art Municipal Solid Waste Processing Facility in Rudrapur in Accordance with SWM Rules 2016 एवं 01 वर्ष हेतु 04 बोलेरो वाहन मय वाहन चालक किराये पर उपलब्ध कराये जाने हेतु द्वितीय बार इच्छुक फर्मो/सेवाप्रदातों/एजेन्सीयों/वाहन स्वामियें आदि से दिनांक 26/02/2024 की प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 04/03/2024 की सांय 05:00 बजे तक दोहरी निविदा प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय निविदा) के अन्तर्गत अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 05/03/2024 को दोपहर 12:00 बजे निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। ई–निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी /शर्ते उत्तराखण्ड शासन की वेबसाईट **www.uktenders.gov.in** तथा नगर निगम, रूद्रपुर की वेबसाइट **www.nagarnigamrudrapur.com** से डाउनलोड की जा सकती है। ई–निविदा के सम्बन्ध में किसी भी कार्य दिवस पर प्रातः 10:00 बजे से सांय 05:00 बजें तक स्वास्थ्य अनुभाग नगर निगम, रूद्रपुर में सम्पर्क किया जा सकता है। निविदा को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर में निहित होगा।

| | |
|---|---|
| –ह0– | –ह0– |
| (नरेश दुर्गापाल) | (उदयराज सिंह) |
| **नगर आयुक्त** | **प्रशासक** |
| **नगर निगम, रूद्रपुर, (ऊ0सिं0 नगर)** | **ऊधमसिंह नगर** |


# कार्यालय नगर निगम रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)

Tel--05944-242400 E-mail:- nagarnigamrudrapur@gmail.com Visit-www.nagarnigamrudrapur.com


पत्रांक – 5151 /स्वा0अनु0/2023–24/P.B. दिनांक– 24 फरवरी, 2024

<u>प्रतिलिपिः</u>– निम्न कों सूचनार्थ एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

1. कार्यालय जिलाधिकारी, ऊधमसिंह नगर ।
2. कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, ऊधमसिंह नगर।
3. कार्यालय वरिष्ठ कोषाधिकारी, ऊधमसिंह नगर।
4. कार्यालय उपजिलाधिकारी, ऊधमसिंह नगर।
5. कार्यालय नगर निगम, रूद्रपुर, ऊधमसिंह नगर।
6. सम्पादक, दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला एवं पायनियर को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त ई–निविदा सूचना को 6X8 सेमी0 साईज में अपनी व्यवसायिक दरों में 30 प्रतिशत या उससे अधिक छूट देते हुए अपने समाचार पत्र के आगामी अंक मे प्रकाशन का कष्ट करें तथा भुगतान हेतु बिल के साथ समाचार पत्र की दो प्रति सहित इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
7. श्री तपन कुमार राय, डा.ई.आ., नगर निगम रूद्रपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त निविदा सूचना एव निविदा की शर्तों को उपरोक्तानुसार उत्तराखण्ड शासन की वेबसाइट www.uktenders.gov.in एवं नगर निगम, रूद्रपुर की वेबसाइट www.nagarnigamrudrapur.com पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

(नरेश दुर्गापाल)
**नगर आयुक्त**
नगर निगम, रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर

कार्यालय नगर निगम, रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)
दूरभाष– 05944-242400 e-mail:- nagarnigamrudrapur@gmail.com visit-www.nagarnigamrudrapur.com

## नगर निगम रूद्रपुर में 01 वर्ष तक नगर निगम के कार्यो हेतु 04 बोलेरो वाहन उपलब्ध कराये जाने हेतु आमंत्रित अल्पकालीन ई–निविदा की शर्तेः–

निविदा फार्म का मूल्य रू0 500+90 **(GST 18%)=590.00**

1. निविदा के साथ निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 रू0 500.00+90.00 (GST 18%) कुल धनराशि रू0 590.00 (पॉच सौ नब्बे मात्र) का बैंक ड्राफ्ट, जो नगर आयुक्त नगर निगम, रूद्रपुर के पक्ष में हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा तकनीकी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा एवं वित्तीय निविदा नहीं खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की धनराशि Non-refundable होगी।
2. तकनीकी निविदा के साथ रू0 45,000.00 (रू0 पैतालीस हजार मात्र) का नगर आयुक्त, नगर निगम रूद्रपुर के नाम से बन्धक एफडीआर धरोहर धनराशि के रूप में संलग्न कर जमा करनी अनिवार्य होगी अन्यथा तकनीकी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा एवं वित्तीय निविदा नहीं खोली जायेगी।
3. निविदादाता द्वारा तकनीकी निविदा को एक लिफाफे में भरकर लिफाफे पर "बोलेरो वाहन किराये में उपलब्ध कराये जाने हेतु तकनीकि निविदा" लिखकर जमा करानी होगी।
4. केवल उन्ही निविदा दाताओं की वित्तीय निविदा खोली जायेगी, जिन्होने तकनीकी निविदा में सफलता प्राप्त की है। निर्धारित प्रपत्र में तकनीकी निविदा के साथ वाछिंत प्रपत्र संलग्न किये जाने अनिवार्य है।
5. जिस फर्म का टेण्डर स्वीकृत होगा उसकी कार्यपूर्ति प्रतिभूति धरोहर राशि के रूप मे जमा करायी जायेगी, अन्य की धरोहर राशि उनके टेण्डर स्वीकृत न होने की दशा में वापस कर दी जायेगी।
6. Key Dates निम्नानुसार होंगीः–

| S.No. | Schedule/Information | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1- | Date of Online Publication | 26/02/2024 | 11:00 am |
| 2- | Documents Download Start Date | 26/02/2024 | 11:00 am |
| 3- | Bid Submission Start Date | 26/02/2024 | 11:00 am |
| 4- | Bid Submission End Date | 04/03/2024 | 05:00 pm |
| 5- | Offline Submission of Hard/Original Copy of Documents: End date | 05/03/2024 | 11:00 am |
| 6- | Bid Opening Date | 05/03/2024 | 12:00 pm |

7. सेवाप्रदाता संस्था/फर्म/ठेकेदार का आयकर विभाग (PAN Card) एवं जी0एस0टी में पंजीकृत होना अनिवार्य है तथा तकनीकी निविदा के साथ पैन कार्ड एवं सम्बन्धित प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
8. सशर्त निविदा किसी भी दशा में स्वीकार नही की जायेगी तथा कार्य की अवधि 01 वर्ष होगी, जिसे आवश्यकतानुसार घटाया अथवा बढाया जा सकता है।
9. सेवाप्रदाता संस्था/फर्म/ठेकेदार द्वारा तकनीकी निविदा के साथ विगत तीन वित्तीय वर्षो (2020–21, 2021–22 एवं 2022–23) के आई0टी0आर0 को स्कैन कर अपलोड करना होगा तथा तकनीकी निविदा के साथ उसकी स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा। वर्ष 2022–23 की आई0टी0आर0 उपलब्ध न होने की दशा में वित्तीय वर्ष 2019–20 की आई0टी0आर0 भी मान्य होगी।

10. निविदादाता को रू0 100.00 के नोटरीकृत शपथ–पत्र प्रस्तुत करना होगा कि पूर्व में उसकी फर्म को सम्पूर्ण भारतवर्ष में किसी भी संस्था/विभाग द्वारा ब्लैक लिस्ट नही किया गया है, तकनीकी निविदा के साथ उसकी मूल प्रति संलग्न करनी होगी।

11. निविदादाता को विगत 03 वित्तीय वर्षों (2020–21, 2021–22 एवं 2022–23) में से किसी वर्ष में किसी एक नगर निकाय/सरकारी/अर्धसरकारी विभाग में किराये में बोलेरो वाहन की आपूर्ति से सम्बन्धित कार्यदेश एवं कार्य संतोषजनक होने की स्वप्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न करनी होगी।

12. निविदादाता द्वारा किराये पर उपलब्ध कराये जाने वाले बोलेरो वाहन का परिवहन विभाग में व्यवसायिक पंजीकरण होना अनिवार्य होगा।

13. निविदादाता द्वारा किराये पर उपलब्ध कराये जाने वाले बोलेरो वाहन 03 वर्ष से अधिक पुराना नही होना चाहिये। किराये पर उपलब्ध कराये जाने वाले बोलेरो वाहन का सम्बन्धित अधिकारी को परीक्षण कराना अनिवार्य होगा।

14. निविदादाता द्वारा किराये पर उपलब्ध कराये जाने वाले वाहन 24X7 घण्टे विभाग के पास रहेगा तथा वाहन का प्रयोग राज्य के भीतर एवं बाहर कही भी किया जा सकता है।

15. निविदादाता द्वारा किराये पर उपलब्ध कराये जाने वाले बोलेरो वाहन के समस्त प्रपत्र यथा पंजीयन, परमिट, फिटनेस, बीमा, चालक का लाईसेन्स व्यवसायिक होना अनिवार्य है।

16. निविदादाता द्वारा किराये पर उपलब्ध कराये जाने वाले बोलेरो वाहन में मार्ग/कार्य के दौरान होने वाली किसी प्रकार की क्षति अथवा अप्रत्याशित घटना/दुर्घटना के लिए नगर निगम रूद्रपुर उत्तरादायी नहीं होगा। मार्ग/कार्य के दौरान दुर्घटना की स्थिति में किसी प्रकार के चिकित्सा बीमा, मुआवजा एवं विधिक आवश्यकताओं का अनुपालन सम्बन्धित निविदादाता द्वारा किया जायेगा।

17. निविदादाता द्वारा किराये पर उपलब्ध कराये जाने वाले बोलेरो वाहन में किसी प्रकार की खराबी होने पर निविदादाता को तत्काल अन्य सम्बन्धित वाहन की व्यवस्था अपने व्यय पर करनी होगी। यदि किसी समय निविदादाता वैकल्पिक व्यवस्था करने में असफल रहता है तो नगर निगम रूद्रपुर आपूर्तिकर्ता के व्यय पर वैकल्पिक बोलेरो वाहन की व्यवस्था करने के लिए अधिकृत होगा।

18. किराये पर उपलब्ध कराये जाने वाले बोलेरो वाहन में ईधन की आपूर्ति दैनिक/मासिक (जैसी भी स्थिति हो) लॉगबुक के आधार पर नगर निगम रूद्रपुर के द्वारा की जायेगी। इस हेतु निविदादाता को सम्बन्धित वाहन में नियमित रूप से लॉगबुक रखना आवश्यक होगा और उस पर दैनिक आधार पर प्रविष्टि करते हुए उसे सक्षम अधिकारी से अभिप्रमाणित कराना होगा।

19. वित्तीय निविदा BOQ प्रारूप में रहेगी, तथा निविदादाता का चुनाव न्यूनतम प्रस्तुत दर के आधार पर किया जायेगा। निविदादाता को अपनी दरे समस्त करों सहित BOQ में अंकित करनी होंगी। प्रत्येक निविदादाता को एक ही निविदा Submit/ डालने का अधिकार होगा। एक से अधिक निविदा Submit/ डालने पर निविदादाता द्वारा प्रस्तुत समस्त निविदाओं को निरस्त कर दिया जायेगा।

20. जिस अधिकृत फर्म की निविदा स्वीकृत होगी, उसे आवश्यकतानुसार समय–समय पर कार्यदेश निर्गत होने पर तत्काल नगर निगम रूद्रपुर में सम्बन्धित वाहन उपलब्ध कराना आवश्यक होगी। समय पर सम्बन्धित वाहन उपलब्ध न कराने की दशा में जमा जमानती धनराशि जब्त करते हुए अनुबन्ध को निरस्त कर दिया जायेगा।

21. सफल निविदादाता को कार्य की निविदा राशि के सापेक्ष रू0 1,20,000.00 (एक लाख बीस हजार) मात्र की नगर आयुक्त नगर निगम रूद्रपुर के पदनाम से बन्धक एफडीआर जिसकी वैद्यता अनुबन्ध समाप्ति के तीन माह बाद तक की होगी, कार्यपूर्ति जमानत के रूप में अनुबन्ध गठित करते समय कार्यालय में जमा करनी अनिवार्य होगी।

22. निविदा प्रक्रिया से सम्बन्धित कोई विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में नगर आयुक्त नगर निगम रूद्रपुर का निर्णय अन्तिम और सभी निविदादाताओं को मान्य एवं बाध्यकारी होगा।

23. निविदा स्वीकृत करने हेतु यदि किसी भी प्रकार का प्रभाव फर्म/एजेन्सियों द्वारा डाला जाता है, तो उसे निविदा हेतु अयोग्य घोषित किया जायेगा।

24. निविदादाता द्वारा तकनीकी निविदा लिफाफे मे निम्न प्रपत्र प्रेषित किये जाने अनिवार्य है।

i. निविदा प्रपत्र के मूल्य का बैंक ड्राफ्ट (मूल प्रति)।

ii. धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 (मूल प्रति)।

iii. [redacted] जी0एस0टी0 पंजीकरण की प्रमाणित छायाप्रति।

iv. विगत तीन वित्तीय वर्षो (2020–21, 2021–22 एवं 2022–23) के आई0टी0आर0 की स्वप्रमाणित प्रति। वर्ष 2022–23 की आई0टी0आर0 उपलब्ध न होने की दशा में वित्तीय वर्ष 2019–20 की आई0टी0आर0 भी मान्य होगी।

v. सम्बन्धित फर्म के सम्पूर्ण भारतवर्ष में किसी भी संस्था/विभाग द्वारा ब्लैक लिस्ट न होने शपथ–पत्र।

vi. विगत 03 वित्तीय वर्षों (2019–20, 2020–21, 2021–22 एवं 2022–23) में से से किसी वर्ष में किसी एक नगर निकाय/सरकारी/अर्धसरकारी विभाग में किराये में वाहन की आपूर्ति से सम्बन्धित कार्यदेश एवं आपूर्ति संतोषजनक प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रतिलिपि।

25. स्वीकृत फर्म के द्वारा उत्तराखण्ड शासन द्वारा निर्धारित स्टाम्प ड्यूटी के स्टाम्प पेपर पर एक अनुबन्ध पत्र भरना भी अनिवार्य होगा।

26. किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त/अस्वीकृत करने अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम रूद्रपुर को होगा।

(कपूर सिंह)
प्र0 अधिष्ठान लिपिक
नगर निगम, रूद्रपुर
ऊधमसिंहनगर

(हर्षपाल सिंह चण्डोक)
नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम रूद्रपुर
उधमसिंहनगर

(राजू नबियाल)
सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम रूद्रपुर
उधमसिंहनगर

वरिष्ठ वित्त अधिकारी
नगर निगम, रूद्रपुर
ऊधमसिंहनगर

(नरेश दुर्गापाल)
नगर आयुक्त
नगर निगम, रूद्रपुर
ऊधमसिंहनगर

(उदयराज सिंह)
प्रशासक
नगर निगम रूद्रपुर
ऊधमसिंहनगर